दिनांक 11 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कृपाल नगर कोहका में अवैध प्लाटिंग पर की गई कार्रवाई , मार्ग संरचना को हटाकर , मुरूम की गई जब्ती, रजिस्ट्री रोकने लिखा जाएगा पत्र

भिलाईनगर/ विशेष दस्ता, तोड़फोड़ दस्ता एवं वैशाली नगर कार्यालय जोन की टीम ने अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की, कृपाल नगर में अवैध प्लाटिंग के उद्देश्य से मुरूम एवं निर्माण तथा विध्वंस के मटेरियल से मार्ग संरचना एवं जमीन को प्लाटिंग के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा था! लगभग एक एकड़ के प्लॉट में मार्ग संरचना के लिए मुरूम एवं चूना मार्किंग की गई थी! जिस पर अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वैशाली नगर के कृपाल नगर क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग व अनाधिकृत रूप से तैयार किए गए मार्ग संरचना को जेसीबी से हटाया गया और मौके से 10 ट्रिप मुरूम की जब्ती की गई। निगम भिलाई द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जा रही है। कृपाल नगर कोहका सड़क 5ए के समीप वृहद स्तर पर अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एक जेसीबी , दो हाइवा के साथ निगम की राजस्व विभाग एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम स्थल पर पहुंची और कृपाल नगर में हो रहे अवैध प्लाटिंग की रोकथाम करने मार्ग संरचना को ध्वस्त किया गया साथ ही मुरूम की जब्ती की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी